Title: Request to develop the domestic airport at Varanasi as an International Airport.

श्री शंकर प्रसाद जायसवाल (वाराणसी) : माननीय उपाध्यक्ष जी, वाराणसी विश्व का महत्वपूर्ण पर्यटकस्थल रहा है। यहां जैन, बौद्ध और हिन्दू धर्म की आस्था है। विश्व से बहुत सारे पर्यटक यहां आते हैं। यहां कालीन का व्यवसाय है, यह विश्व का प्रमुख केन्द्र है। यहां पर अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा बने, इसके लिए मैंने 11वीं लोक सभा में मांग रखी, 12वीं में भी रखी और 13वीं में भी रखी। मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि वाराणसी नगर, जो उत्तर प्रदेश में और विदेशी मुद्रा का अधिक से अधिक देता है, इसके हवाई अड्डे को अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा बनाया जाये। बहुत-बहुत धन्यवाद।

उपाध्यक्ष महोदय : आप बहुत संक्षिप्त रूप में जल्दी से कहें।